# नगर पालिका परिषद लोनी

## ई-पत्रिका




**Nagar Palika Parishad Loni**

## माह : जनवरी 2023

स्वच्छ भारत
हरित भारत

**E NEWS LETTER 1**

# नगर पालिका परिषद लोनी





डॉ शैलेन्द्र सिंह
(अधिशासी अधिकारी)

श्रीमती रंजीता धामा
(अध्यक्ष)




E NEWS LETTER 2

# नगर पालिका परिषद लोनी

नगर पालिका परिषद्, लोनी जनवरी 2023 के ई–पत्रिका लोनी दर्पण में स्वागत है। जनवरी माह में हुए विकास कार्यो को ई–पत्रिका लोनी दर्पण के माध्यम से आप सब तक पहुँचाना चाहते है। लोनी नगर पलिका प्रत्येक माह ई–पत्रिका लोनी दर्पण के द्वारा नगर पलिका में हुए विकास कार्यों को आपसब के सामने लाने का प्रयास करता है। जिससे लोनी नगर पलिका परिषद् के विकास और नई योजनाओं से लाभान्वित हो सके। नगर पालिका परिषद् लोनी का एक मात्र उद्देश्य नगर पालिका का विकास है। जिसमें बिना किसी भेद–भाव, सभी समुदायों के लोगों को एकसाथ लेकर आगे बढ़ने का उद्देश्य है। जिसके लिए नगर पलिका परिषद् लोनी के निवासियों को इसमें सहयोग महत्वपूर्ण है और नगर पालिका इसका उम्मीद करता है।नगरवासियों से अपील है की नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने में नगर पालिका की मदद करे। अपने आस–पास साफ–सुथरा रखे। कुड़ा–कचरा डस्टबिन में रखे, गन्दगी न फैलाये। आने वाले कल अच्छा हो इसके लिये आज बेहतर बनायें।

**E NEWS LETTER 3**



**Dr shailendra Singh**
**( Executive Officer )**

# SWACHH SURVEKSHAN

**#Mera Shahar, Meri Pehchan 2023**

I am happy to present the January 2023 issue to all of you. A number of projects have been commissioned in the month of January. The former will help smoothen the flow of traffic, re- duce the travel time of citizens, ease the congestion and reduce pollution on nagar road. There have been a lot of lessons to learned and these insights will certainly stand in good stead with us in our endeavors in future. The one thing that stands out is the most active participation of citizens. We, the residence of the Nagar Palika Parishad Loni respective of ages, castes, creeds, religions, localities have untidily participated in creation of Loni’s Swachh Nagar Palika Parishad proposal. As I look into the future with great expectation, it is this one aspect of the mu- nicipality which gives me the greatest hope. We in the Nagar Palika Parishad Loni, would be very happy to receive your feed- backs on all matters that you feel are important.

# Nagar Palika Parishad Loni

I am delighted to present the tasks and issue of Loni Nagar Palika by E-Patrika Loni in January 2023. Nagar Palika Parishad Loni is grateful to the citizens who displayed tremendous enthusiasm and whole heart-edly participated in numerous activities throughout this period. All of us should bear in mind that this is not end but a beginning of the exer-cise pertaining to development and Swachh Mission program. The coming years will surely be very hectic and eventful. Loni promises to leave no room for complacency and will work even harder to achieve the targets. We solicit active participation from the citizens in our en-deavor. We sincerely believe that decisions taken by Nagar Palika Pari-shad Loni should benefit Nagar Palika Parishad Loni and the citizens in the ultimate analysis. Many projects process in work in Nagar Palika Parishad Loni for development our Nagar Palika and citizens. Thanks to all citizens of Nagar Palika Parishad Loni for supporting to develop Loni.



# नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं




आपकी राहों में फूलों को बिखेरकर लाय है ये नववर्ष,
महकी हुई बहारों की खुश्बू लेकर आया है ये नववर्ष।
आपको और आपके जीवन शुभ नववर्ष।

2023

NPP लोनी द्वारा शासन के आदेशानुसार #स्वच्छढाबाकैंपेन का आयोजन किया गया,जिसमें निकाय में स्थित ढाबा रेस्टोरेंट द्वारा प्रतिभाग किया गया है, ढाबा एवं रेस्टोरेंट को स्वच्छता के आधार पर निकाय द्वारा सम्मानित किया जाएगा



# लोनी नगर पालिका परिषद में स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत

**एडीएम ऋतु सुहास के निर्देशन में ढाबा होटलो का प्रतियोगिता अभियान चलाया गया**

**पूजा मिश्रा अखंड आवाज**







उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा तय किया गया है कि स्वच्छ भारत अभियान मिशन के तहत ढाबा और होटलो मे स्वच्छता के स्थान पर सही पाए जाएंगे तो उन ढाबों को पुरस्कृत किया जाएगा। यह सरकार का महत्वपूर्ण कदम हैं। नगर पालिका, नगर निगम, नगर पंचायत में संचालित सभी ढाबे वगैरह होटल स्वच्छ पाए जाते हैं तो उन्हें सरकार द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा और उनको प्रशासित दिया जाएगा।यह अभियान 5 से 12 जनवरी 2023 तक चलेगा और रेकिंग के आधार पर ढाबों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। उनका रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया निगम के कर्मचारियों द्वारा प्रारंभ कर दी गई है।

गाज़ियाबाद क्षेत्र के लोनी नगर पालिका के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत एडीएम ऋतु सुहास के निर्देशन में स्वच्छ ढाबा अभियान के अंतर्गत कंटेस्टेंट नंबर 2 सुनहरी लाल स्वीट्स रेस्टोरेंट पर सघन सफायी अभियान चलाया गया और प्रचार प्रसार कियाइ गया,स्त्रोत अलगाव के अंतर्गत नीला कूड़ेदान और हरा कूड़ेदान स्थापित करते हुए उसके महत्व और फायदे के बारे मे बताया गया ।पंकज राकेश नगर स्वास्थ्य अधिकारी,दिनेश सफायी निरीक्षक,शिवम,विजय आदि मौजूद रहे । स्वच्छता अभियान के अंतर्गत निरीक्षण के दौरान ढाबा, होटल, एवं चाय और नाश्ते की दुकानों पर विभाग के अधिकारियों द्वारा समझाइश दी गई कि अपने अपनी दुकानों और प्रतिष्ठानों को साफ सफाई रखने की जिम्मेदारी आप सभी के हैं। भारत सरकार द्वारा हम सबको स्वच्छ भारत की प्रेरणा देकर अपने गलियों और मोहल्लों एवं सड़क पर कचरा ना फेंकते हुए कूड़ेदान स्थापित किए गए हैं उन पर डालें साथ ही होटलों पर जो कर्मचारी काम करते हैं उनको भी साफ सफाई के साथ कपड़े पहना कर काम में लगाया जाए जिसके लिए हम सब आप सभी को निर्देशित करते हुए शासन के नियमों का पालन कराने का आग्रह कर रहे हैं।

गाजियाबाद-गौतम बुद्ध नगर में पावर



अखण्ड अवाज

नई दिल्ली, बुधवार,0

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत ढाबा और रेस्टो का होगा निरीक्षण

## निकायों में 5 से 12 जनवरी तक चलेगा स्वच्छ ढाबा अभियान

**अर्जुन मिश्रा अखंड आवाज**

**गाजियाबाद,** लोनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन अभियान को गति प्रदान करने के लिए नगर पालिका परिषद लोनी में 5 से 12 जनवरी तक स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत स्वच्छ ढाबा अभियान चलाया जाएगा। अगर ढाबों और रेस्टोरेंट को सर्चिंग के दौरान सही एवं साफ सुधरे पाए जाएंगे तो उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ऋतु सुहास ने बताया कि अभियान के दौरान ढाबों और खाना के होटलों एवं अन्य भोजनालयों का निरीक्षण किया जाएगा। नगर के मुख्य मार्गों पर ढाबा और रेस्टोरेंट संचालित हैं इन प्रतिष्ठानों में से प्रतिदिन अधिक मात्रा में अपशिष्ट निकलता है अपशिष्ट का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण करवाने के उद्देश्य स्वच्छ ढाबा अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान ढाबा और रेस्टोरेंट संचालकों को वहां से निकलने वाले अपशिष्ट का निस्तारण खुद ही करना होगा।

नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने सभी ढाबा, भोजनालय, होटलों के संचालकों से कहा है कि अपने-अपने ढाबा को साफ सफाई के साथ रखें ,कूड़ा कचरा ढाबों पर उपलब्ध ना हो, इसके लिए नीला व हरा रंग का डस्टबिन रखें। इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। खाना खाने वाले बर्तन भी साफ सफाई के साथ होटलों पर लोगों को खाने के लिए उपलब्ध हो और साथ ही होटलों पर काम करने वाले






कर्मचारी भी सफाई के साथ अपने वस्त्र पहनकर लोगों के लिए भोजन परोसने का काम करेंगे। हमें सब केंद्र और राज्य सरकार के स्वच्छ भारत के नियमों का पालन कर इस अभियान में विशेष सहयोग प्रदान करें। अधिशासी अधिकारी ऋतु सुहास ने सभी ढाबा रेस्टोरेंट संचालकों को से साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा है उन्होंने बताया है कि 5 से 12 जनवरी के बीच कभी भी टीम निरीक्षण कर सकती है इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वाले ढाबा संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी.

# लोहड़ी 2023 की शुभकामनाएं




मूंगफली दी खुशबू ते गुड़ दी मिठास
मक्की दी रोटी, सरसों दा साग
दिल दी खुंशी ते आपनों दा प्यार
मुबारक होवे तु हानूं लोहड़ी दा ये त्यौहार
2023!

# मकर संक्रांति की शुभकामनाएं




सपनों को लेकर मन में
उड़ाएंगे पतंग आसमान में ,
ऐसी भरेगी उड़ान ये पतंग,
जो भर देगी जीवन में खुशियों की तरंग
मकर संक्रांति की हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं!

# गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




भारतीय होने पर करो गर्व,
मिलकर मनाओ लोकतंत्र का पर्व,
देश के दुश्मनों को मिलकर हराओ,
हर घर में तिरंगा लहराओ।
गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
2023


Ministry of Housing and Urban Affairs
Government of India
Azadi Ka Amrit Mahotsav
SWACHH
SURVEKSHAN
2023
Know the major highlights:
Assessment in 4 phases to evaluate progress across all 4 quarters
Citizen validation of select indicators introduced in Phase 3
Field assessment of processing facilities introduced in Phase 3
Citizen feedback to be initiated from October 1, 2022

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

# स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत खुले मे शौच से मुक्ति के सम्बन्ध में जागरूकता हेतु एक मार्मिक अपील

**जागो युवा जागो स्वच्छ भारत है तुम्हारा अधिकार लेकिन पहले उठाओं पहले कर्तव्य का भार**

*बापू का नारा, स्वच्छ भारत हैं बनाना।*

*भूमण्डल में गूंजे गान।*
*मेरा भारत देश महान ।।*
*फिर गूजेंगा का बापू का गान।*
*स्वच्छ रहे भारत का हर ग्राम ।।*
*कूड़ा करकट का हैं अम्बार।*
*सबको मिलकर करना हैं साफ ।।*
*अपने कर्मो को सुधारे।*
*नदियों को पवित्र बनायें ।।*
*स्वच्छता उन्नति का आधार हैं ।*
*लम्बे जीवन का सार हैं ।।*
*स्वच्छता आकर्षण का आधार हैं ।*
*स्वच्छता मोक्ष का द्वार भी हैं ।।*
*बच्चे बूढ़े, और जवान हैं,*
*सहयोग सेतु में बंध एक साथ ।*
*संकल्प करे फिर एक बार।*
*स्वच्छ रखेगा भारत को हर हाथ ।।*
*अच्छे दिनों को लाना हैं ।*
भारत का मान बढ़ाना हैं \\

***स्वच्छ भारत मिशन लोनी***

**डॉ शैलेन्द्र सिंह**
**(अधिशासी अधिकारी)**

**श्रीमती रंजीता धामा**
**(अध्यक्ष)**


संपर्क करें
www.npploni.in
E Mail: npp.loni@gmail.com
Mobile: 7800411808